प्रेषिका,

श्रीमती सुप्रिया शर्मा,
अपर सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम०, प्रथम
जनपद अमरोहा।

सेवा में

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद अमरोहा।

विषयः– **सर्विस रिकॉर्ड में एल एल० एम० की उपाधि शामिल किये जाने तथा उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 8/2018/279/ 2–4–2018–45 (12)/91 टी०सी०, नियुक्ति अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 13 अप्रैल, 2018 के अनुसार उ०प्र० न्यायिक सेवा के एल० एल० एम० उपाधि धारक अधिकारियों को 03 अग्रिम वेतन वृद्धियाँ स्वीकृत किये जाने के संदर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संन्दर्भ में अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 16.11.2019 को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में पदभार ग्रहण किया है। अधोहस्ताक्षरी सेवा ज्वाइन करने के पूर्व से ही कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र हरियाणा में (दूरस्थ शिक्षा) डिस्टेंस एजुकेशन के माध्यम से एल एल० एम० कोर्स में अध्ययनरत थी जिसकी सूचना पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है। परीक्षापरोन्त अधोहस्ताक्षरी ने वर्ष 2021 में एल एल० एम० की उपाधि प्राप्त किया है जिसको सर्विस रिकॉर्ड में शामिल किया जाना है। यह भी निवेदन है कि प्रार्थिनी उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 8/2018/279/2–4–2018 –45 (12)/91 टी०सी०, नियुक्ति अनुभाग–4. लखनऊ दिनांक 13 अप्रैल, 2018 की व्यवस्था के अनुक्रम में 03 अग्रिम वेतन वृद्धियों को प्राप्त करने की अधिकारी है।

अतः श्रीमान जी से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थिनी की एल एल०एम० की उपाधि को सर्विस रिकॉर्ड में शामिल करने एवं 03 अग्रिम वेतन वृद्धियां स्वीकृत करने की कृपा करे।

सादर।

भवदीया,

Supriya Sharma 19/7/24

दिनांक 19.07.2024

(श्रीमती सुप्रिया शर्मा)
अपर सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम०, प्रथम
जनपद अमरोहा।
जे०ओ० कोड़– यू०पी० 3245

संलग्नकः– 1. डिग्री
2. अंकपत्र